भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं.1682**

जिसका उत्तर सोमवार, दिनांक 10 मार्च, 2025/ 19 फाल्गुन, 1946 (शक) को दिया जाना है

**व्यक्तिगत आयकर संग्रह**

**1682. सुश्री सयानी घोष:**

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत दस वर्षों के दौरान व्यक्तियों से एकत्रित आयकर की राशि तथा सकल घरेलू उत्पाद में उसका वर्षवार प्रतिशत कितना है;
(ख) गत दस वर्षों के दौरान व्यक्तिगत आयकर प्रणाली में हुए परिवर्तनों का ब्यौरा क्या है; और
(ग) गत दस वर्षों के दौरान व्यक्तिगत आयकर प्रणाली में किए गए परिवर्तनों के पश्चात सरकार द्वारा अर्जित अनुमानित अतिरिक्त धनराशि कितनी है?

**उत्तर**

**वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)**

(क): विगत दस वर्षों के दौरान एकत्रित व्यक्तिगत आयकर* तथा सकल घरेलू उत्पाद में उसका प्रतिशत निम्नानुसार है:

(करोड़ रुपए में)

| वित्तीय वर्ष | व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी)* | वर्तमान बाजार मूल्य पर सकल घरेलू उत्पाद | वर्तमान बाजार मूल्य पर सकल घरेलू उत्पाद में पीआईटी का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 2014-15 | 2,65,772 | 1,25,41,208 | 2.1% |
| 2015-16 | 2,87,637 | 1,35,67,192 | 2.1% |
| 2016-17 | 3,49,503 | 1,53,62,386 | 2.3% |
| 2017-18 | 4,20,084 | 1,70,98,304 | 2.5% |
| 2018-19 | 4,73, 179 | 1,88,86,957 | 2.5% |
| 2019-20 | 4,92,717 | 2,00,74,856 | 2.5% |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2020-21 | 4,87,560 | 1,98,29,927 | 2.5% |
| 2021-22 | 6,96,604 | 2,35,97,399 | 3.0% |
| 2022-23 | 8,33,307 | 2,69,49,646 | 3.1% |
| 2023-24 | 10,45,139 | 2,95,35,667 | 3.5% |

स्रोत: आयकर विभाग द्वारा प्रकाशित टाइम सीरिज डेटा

* व्यक्तिगत आयकर के अंतर्गत आने वाले आंकडों में किसी व्यक्ति, हिन्दू अविभाजित परिवार, फर्म, व्यक्तियों के संघ, व्यक्तियों के निकाय, स्थानीय प्राधिकरण और कृत्रिम न्यायिक व्यक्ति द्वारा भुगतान किए गए कर शामिल हैं।

(ख): वित्त अधिनियम, 2021 द्वारा शुरू की गई नई आयकर व्यवस्था पिछले दस वर्षों के दौरान व्यक्तिगत आयकर* प्रणाली में किया गया सबसे महत्वपूर्ण बदलाव है। आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 115खकग के अनुसार कर निर्धारण वर्ष 2021-22 (वित्तीय वर्ष 2020-21) से लागू की गई नई आयकर व्यवस्था के तहत, एक व्यक्तिगत करदाता या हिंदू अविभाजित परिवार को पुरानी कर व्यवस्था या नई कर व्यवस्था के तहत कराधान का विकल्प दिया जा रहा है। इस नई कर व्यवस्था को बाद में कर निर्धारण वर्ष 2024-25 से व्यक्तियों के संघों, व्यक्तियों के निकाय और कृत्रिम न्यायिक व्यक्तियों पर लागू किया गया। पुरानी कर व्यवस्था में करदाताओं को विभिन्न कटौतियाँ और छूट दी जाती हैं, जबकि नई कर व्यवस्था में केवल सीमित कटौतियाँ और छूट दी जाती हैं। इसके अलावा, नई व्यवस्था कर योग्य आय के लिए पुरानी व्यवस्था की तुलना में करों की कम दरें प्रदान करती है, जिसे निर्धारण वर्ष 2025-26 के लिए निम्नानुसार सारणीबद्ध किया गया है:

| **पुरानी कर व्यवस्था** | | | **धारा 115खकग के अंतर्गत नई कर व्यवस्था*** | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **आयकर स्लैब** | **आयकर दर** | **अधिभार** | **आयकर स्लैब** | **आयकर दर** | **अधिभार** |
| 2,50,000 रु. तक | शून्य | शून्य | रु. 3,00,000 तक | शून्य | शून्य |
| 2,50,001 रु.- 5,00,000 रु. | 2,50,000 रु. से अधिक 5% | शून्य | रु. 3,00,001 - रु. 7,00,000 | 3,00,000 रुपये से अधिक 5% | शून्य |
| 5,00,001 रु.- 10,00,000 रु. | 12,500 रु.+ 5,00,000 रु. से अधिक 20% | शून्य | रु. 7,00,001 - रु. 10,00,000 | 20,000 रु.+ 7,00,000 रु. से अधिक 10% | शून्य |
| 10,00,001 रु.- 50,00,000 रु. | 1,12,500 रु.+ 10,00,000 रु. से अधिक 30% | शून्य | रु. 10,00,001 - रु. 12,00,000 | 50,000 रु.+ 10,00,000 रु. से अधिक 15% | शून्य |
| 50,00,001 रु.- 100,00,000 रु. | 1,12,500 रु.+ 10,00,000 रु. से अधिक 30% | 10% | रु. 12,00,001 - रु. 15,00,000 | 80,000 रु.+ 12,00,000 रु. से अधिक 20% | शून्य |
| 100,00,001 रु.- 200,00,000 रु. | 1,12,500 रु.+ 10,00,000 रु. से अधिक 30% | 15% | रु. 15,00,001- रु. 50,00,000 | 1,40,000 रु. + 15,00,000 रु. से अधिक 30% | शून्य |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 200,00,001 रु.-500,00,000 रु. | 1,12,500 रु.+ 10,00,000 रु. से अधिक 30% | 25% | रु. 50,00,001-रु. 100,00,000 | 1,40,000 रु.+ 15,00,000 रु. से अधिक 30% | 10% |
| 500,00,000 रुपये से अधिक | 1,12,500 रु.+ 10,00,000 रु. से अधिक 30% | 37% | 100,00,001 रु.-200,00,000 रु. | 1,40,000 रु. + 15,00,000 रु. से अधिक 30% | 15% |
| | | | 200,00,001 रुपये से अधिक | 1,40,000 रु.+ 15,00,000 रु. से अधिक 30% | 25% |

* व्यक्तिगत आयकर में एक व्यक्ति, हिंदू अविभाजित परिवार, फर्म, व्यक्तियों के संघ, व्यक्तियों के निकाय, स्थानीय प्राधिकरण और कृत्रिम न्यायिक व्यक्ति द्वारा भुगतान किए गए कर शामिल हैं।

(ग): व्यक्तिगत आयकर संग्रह अर्थव्यवस्था की वृद्धि, कर दरों, करदाता आधार और कर अनुपालन की सीमा सहित कई कारकों द्वारा नियंत्रित होते हैं। इसलिए, किसी एक कारक में परिवर्तन के कारण सरकार द्वारा अर्जित अतिरिक्त धनराशि का अलग से अनुमान नहीं लगाया जा सकता है। हालांकि, वित्त वर्ष 2014-15 में व्यक्तिगत आयकर* संग्रह 2,65,772 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2023-24 में 10,45,139 करोड़ रुपये है (वित्त वर्ष 2014-15 की तुलना में 293% की वृद्धि)

* व्यक्तिगत आयकर में एक व्यक्ति, हिंदू अविभाजित परिवार, फर्म, व्यक्तियों के संघ, व्यक्तियों के निकाय, स्थानीय प्राधिकरण और कृत्रिम न्यायिक व्यक्ति द्वारा भुगतान किए गए कर शामिल हैं।

*****